CMYK

Web: www.uttaranchaldeep.com

Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में शनिवार
सायं 6:44 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में रविवार
सुबह 5:35 बजे

सांध्य दैनिक

# उत्तरांचल दीप

सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी | वर्ष 18 अंक 271 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. | शनिवार, 25 अप्रैल 2026

पहले दिन पस्त हुई गिन्नी.....पेज-3 पर

## News कॉर्नर

### फिर बदलेगा मौसम, प्रदेश के नौ जिलों में बारिश के साथ अंधड़ की चेतावनी

देहरादून। बीते कई दिनों से गर्मी की मार झेल रहे उत्तराखंड में मौसम एक बार फिर बदलेगा। नौ जिलों में आज शनिवार को इसका असर देखने को मिलेगा। कई जिलों में बारिश के साथ अंधड़ की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विभाग ने उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, चमोली, बागेश्वर और पिथौरागढ़ जिलों में कुछ स्थानों पर हल्की से मध्यम बारिश और 4400 मीटर व उससे अधिक ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी की संभावना जताई है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक सीएस तोमर ने बताया कि मैदानी जनपदों में मौसम शुष्क रहने की संभावना है। वहीं, चमोली, उत्तरकाशी, रुद्रप्रयाग, बागेश्वर, पिथौरागढ़, देहरादून, टिहरी, अल्मोड़ा और नैनीताल जिले में कहीं-कहीं गर्जन के साथ आकाशीय बिजली चमकने और 40-50 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से झोंकेदार हवाएं चलने की संभावना है।

### घर में घुसे बदमाशों ने की फायरिंग, छर्रे लगने से घायल

रुद्रपुर। दिल्ली से शादी में शामिल होने आया युवक बदमाशों की गोली का निशाना बन गया। आरोप है कि रंजिश में कुछ युवक घर में घुसे और परिजनों पर हमलाकर कई राउंड फायरिंग कर दी। इस दौरान एक युवक छर्रे लगने से घायल हो गया। सीओ का कहना है कि तहरीर मिलने पर प्राथमिकी दर्ज की जाएगी और फरार आरोपियों को जल्द गिरफ्तार कर लिया जाएगा।

कोतवाली ट्रांजिट कैंप क्षेत्र में उस समय खलबली मच गई जब दिनदहाड़े एक घर में घुसकर बदमाशों ने फायरिंग कर दी। पुलिस के अनुसार वार्ड सात आजाद नगर ट्रांजिट कैंप निवासी राजेश कुमार दिल्ली की एक मोबाइल शॉप पर काम करता है। दो दिन पहले ही राजेश रिश्तेदार की शादी में शामिल होने के लिए घर आया था।

## उत्तराखंड बोर्ड: 10वीं में अक्षत ने किया टॉप, 12वीं में गीतिका और सुशीला टॉपर

रामनगर

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड बोर्ड ऑफ स्कूल एजुकेशन (UBSE) के कक्षा 10 और कक्षा 12 के नतीजे शिक्षा मंत्री डॉ. धन सिंह रावत ने घोषित कर दिए हैं। 10वीं में रामनगर के एमपी इंटर कॉलेज के छात्र अक्षत गोयल ने 500 में से 491 अंक हासिल कर प्रदेश की मेरिट सूची में प्रथम स्थान पाया है। वहीं, इंटरमीडिएट में गीतका पंत और सुशीला मेहंदीरत्ता ने 490 अंक प्राप्त कर संयुक्त रूप से पहला स्थान हासिल किया। विद्यार्थी अमर उजाला की वेबसाइट पर जाकर बिना किसी परेशानी के अपना परीक्षा परिणाम चेक कर सकते हैं। उत्तराखंड बोर्ड



इंटरमीडिएट परीक्षा 2026 का कुल परिणाम 85.11ब रहा, जिसमें बालिकाओं ने एक बार फिर बेहतर प्रदर्शन किया। बालिकाओं का पास प्रतिशत 88.09ब दर्ज किया गया, जबकि बालकों का 81.93ब रहा। श्रेणीवार परिणाम की बात करें तो 7,814 परीक्षार्थी (7.77ब) सम्मान सहित उत्तीर्ण हुए, 41,507 छात्र (41.32ब) प्रथम श्रेणी, 34,987 (34.82ब) द्वितीय श्रेणी और 330 (0.32ब) तृतीय श्रेणी में उत्तीर्ण घोषित किए गए।



### परीक्षा परिणाम को लेकर हेल्पलाइन नंबर जारी

बोर्ड सचिव विनोद प्रसाद सिमल्टी ने बताया कि परीक्षा परिणाम जारी होने के साथ परीक्षार्थियों के कई सवाल होते हैं। नतीजों संबंधी, स्क्रूटनी समेत अन्य सवालों की जानकारी के लिए हेल्पलाइन नंबर जारी किए गए हैं। इन नंबरों पर बोर्ड के संयुक्त सचिव सीपी रतूड़ी 6396178537, शोध अधिकारी शैलेंद्र जोशी 7055513072, प्रशासनिक अधिकारी राजीव रावत 7830403040 को शामिल किया गया है।

बीजेपी पर लगाया बड़ा आरोप

## राघव चड्ढा समेत 7 सांसदों के टूटने पर भड़के अरविंद केजरीवाल

नई दिल्ली

एजेंसी

राघव चड्ढा के आम आदमी पार्टी से इस्तीफा देने के बाद पार्टी की ओर से पहली प्रतिक्रिया राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने दी। संजय सिंह के बाद पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी इस घटनाक्रम पर अपनी प्रतिक्रिया दी।

दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय जनता पार्टी पर सीधा निशाना साधा। अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि, बीजेपी ने फिर से पंजाबियों के साथ किया धोखा किया।

राघव चड्ढा के आम आदमी पार्टी से इस्तीफा देने के बाद पार्टी की ओर से पहली प्रतिक्रिया राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने दी। संजय सिंह के बाद पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी इस घटनाक्रम पर अपनी प्रतिक्रिया दी। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और आप प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने इस मुद्दे पर




प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय जनता पार्टी पर सीधा निशाना साधा। अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि, बीजेपी ने फिर से पंजाबियों के साथ किया धोखा किया।

राघव चड्ढा के आम आदमी पार्टी से इस्तीफा देने के बाद पार्टी की ओर से पहली प्रतिक्रिया राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने दी। संजय सिंह के बाद पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने भी इस घटनाक्रम पर अपनी प्रतिक्रिया दी। दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री और॒क प्रमुख अरविंद केजरीवाल ने इस मुद्दे पर प्रतिक्रिया देते हुए भारतीय जनता पार्टी पर सीधा निशाना साधा। अरविंद केजरीवाल ने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि, बीजेपी ने फिर से पंजाबियों के साथ किया धोखा किया।

## वन्य जीव हमले प्रभावित गांवों में दो दिन का अवकाश घोषित

नैनीताल

हमारे संवाददाता

जिला मजिस्ट्रेट/अध्यक्ष जनपद आपदा प्रबंधन प्राधिकरण नैनीताल ललित मोहन रयाल ने आदेश जारी करते हुए अवगत कराया है कि जनपद नैनीताल के तहसील नैनीताल क्षेत्रान्तर्गत विकासखण्ड भीमताल में स्थित ज्योली एवं भदयूनी ग्रामों में मानव वन्यजीव संघर्ष की घटनाएं घटित होने तथा आदमखोर वन्यजीव की सक्रियता की सूचना प्राप्त हो रही है साथ ही उक्त ग्रामों के समीप दोगड़ा, डोलमार, सूर्याजाला, मोरा, ज्योलीकोट, सूर्यागांव तथा गांजा, रानीबाग, दो गाँव, आलूखेत, बल्यूटी, हैडी, सोनगोठ, काठगोदाम, बेल एवं नाईसेला ग्रामों में वन्यजीव की सक्रियता की आशंका है।

जिस कारण इन सभी ग्रामों के विद्यालयों एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों तक पहुंचने हेतु सुनसान मार्गों, पगडण्डियों एवं वन क्षेत्रों से छात्र.छात्राओं को आवागमन करना पड़ता है जिससे छोटे बच्चों एवं विद्यालयी छात्रों की सुरक्षा पर गंभीर खतरा उत्पन्न हो सकता है।

कहा कि बच्चों की जान.माल की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए तथा किसी भी अप्रिय घटना की संभावना को दृष्टिगत रखते हुए जिला प्रशासन द्वारा यह आवश्यक समझा गया है कि अस्थाई रूप से शैक्षणिक गतिविधियों को स्थगित किया जाए।

उक्त के मद्देनजर जिला मजिस्ट्रेट



नैनीताल ललित मोहन रयाल द्वारा आपदा प्रबन्धन अधिनियम 2005 तथा जिला मजिस्ट्रेट को प्रदत्त अधिकारों के अन्तर्गत आदेश जारी करते हुए तहसील नैनीताल क्षेत्रान्तर्गत विकासखण्ड भीमताल में ग्राम ज्योली, दोगड़ा, डोलमार, सूर्याजाला, मोरा, ज्योलीकोट, सूर्यागांव, गांजा, रानीबाग, दो गाँव, आलूखेत, भयूनी, बल्यूटी, हैडी, सोनगोठ तथा काठगोदाम, बेल एवं नाईसेला ग्रामों में संचालित समस्त शासकीय, अशासकीय तथा सहायता प्राप्त एवं निजी विद्यालयों (कक्षा 01 से 12 तक) एवं आंगनबाड़ी केन्द्रों में शनिवार (आज) तथा सोमवार यानी 27 अप्रैल को अवकाश घोषित किया गया है। बता दें 26 अप्रैल को रविवार है। इस प्रकार तीन दिन तक स्कूल बंद रहेंगे। उक्त आदेश छात्र.छात्राओं एवं आंगनबाड़ी में अध्ययनरत बच्चों तथा विभाग के अधिकारियों एवं कर्मचारियों पर भी लागू होगा किन्तु जनगणना हेतु तैनात किए गए अधिकारी/कर्मचारी द्वारा जनगणना से संबन्धित कार्यों का निर्वहन किया जाएगा।

## भीषण गर्मी: शिक्षा विभाग अलर्ट स्कूलों के समय सारणी में बदलाव

हल्द्वानी

हमारे संवाददाता

भीषण गर्मी को देखते हुए और हीटवेब से होने वाली परेशानियों से निजात दिलाने के लिए स्कूल समय सारणी में किया गया महत्वपूर्ण बदलाव। मुख्य शिक्षा अधिकारी गोविंद राम जायसवाल ने तेज प्रभाव से बढ़ रही भीषण गर्मी को देखते हुए और छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य को स्वस्थ बनाए रखने और भीषण गर्मी के साथ ही ग्रीष्म ऋतु में हिटवेब से होने वाली परेशानियों से बचाव करने हेतु छात्र-छात्राओं को स्वास्थ्य की सुरक्षा सुनिश्चित करने के साथ साथ 15 मई तक स्कूलों के समय सारणी में बदलाव करने के निर्देश दिए



जिसमें प्रार्थना सभा का समय प्रातः 6:45 बजे विद्यालय संचालन का समय प्रातः 7:00 बजे सुनिश्चित करने के निर्देश दिए उन्होंने जनपद के शहरी क्षेत्रों के स्कूलों के खुलने व छुट्टी करने के समय सारणी में बदलाव करने के निर्देश दिए उन्होंने कहा कि हल्द्वानी, रामनगर, कोटाबाग ब्लॉक के स्कूलों में स्कूल समय सारणी मैं बदलाव करने हेतु तत्काल प्रभाव से लागू करने के निर्देश दिए है।

## हादसा: शादी से लौट रहा था परिवार पांच लोगों की मौत

र

हमारे संवाददाता

उत्तर प्रदेश के मऊ जिले में दर्दनाक हादसे की सूचना मिलते ही मौके पर दोहरीघाट थाने की पुलिस पहुंच गई। स्थानीय लोगों की मदद से भीड़ को हटाया गया। इसके बाद शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया।

बेटी की शादी संपन्न कर घर लौट रहे एक ही परिवार के तीन सदस्यों समेत पांच लोगों की शनिवार देर रात दर्दनाक सड़क हादसे में मौत हो गई। हादसा दोहरीघाट थाना क्षेत्र के कुसुम्हा बशारतपुर के पास गोरखपुर-वाराणसी फोरलेन पर हुआ, जहां तेज रफ्तार स्कार्पियो डिवाइडर से टकराने के बाद दूसरी लेन में जा रहे ट्रेलर से भिड़ गई। जानकारी के अनुसार,



गोरखपुर जिले के खोराबार थाना क्षेत्र के रानीडीहा निवासी विनय श्रीवास्तव (60) अपनी बेटी की शादी के लिए झारखंड के रांची गए थे। विवाह संपन्न होने के बाद वह पत्नी अर्चना श्रीवास्तव (58), इकलौते बेटे कृतार्थ श्रीवास्तव (27) के साथ स्कार्पियो से घर लौट रहे थे। वाहन को बिहार के गया निवासी चालक पुरुषोत्तम (47) चला रहा था, जबकि दूसरा चालक नितीश (46) पीछे बैठा था। परिवार के साथ उनका पालतू कुत्ता भी मौजूद था। शनिवार रात करीब 2ः30 बजे जैसे ही वाहन कुसुम्हा बशारतपुर के पास शारदा सहायक खंड-32 नहर कॉलोनी के सामने पहुंचा, चालक को झपकी आ गई। अनियंत्रित स्कार्पियो पहले डिवाइडर से टकराई और फिर दूसरी लेन में जाकर ट्रेलर से भीषण भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि स्कार्पियो का अगला हिस्सा पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और सभी सवार उसमें फंस गए।

सूचना मिलते ही क्षेत्राधिकारी घोसी जितेंद्र सिंह और थाना प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार त्रिपाठी पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस और फॉरेंसिक टीम ने करीब ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद स्कार्पियो को काटकर सुबह पांच बजे सभी पांचों शवों को बाहर निकाला। इसके बाद शवों को पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल भेज दिया गया।

# सिलेंडर की होमडिलीवरी के 100 की जगह 400 रुपए

## मनमानीः तल्लीताल में चल रही है यह मनमानी,लोगों को फूटा गुस्सा

नैनीताल

हमारे संवाददाता

नैनीताल के तल्लीताल क्षेत्र में घरेलू गैस सिलेंडर की होम डिलीवरी पर मनमाने शुल्क वसूले जाने को लेकर लोगों मे आक्रोश है। आमतौर पर सिलेंडर की कीमत में डिलीवरी चार्ज शामिल होता है या फिर बहुत मामूली अतिरिक्त शुल्क लिया जा सकता है लेकिन तय दर से अधिक पैसे लेना नियमों के खिलाफ है।

स्थानीय निवासी दीपेश भट्ट ने बताया की जिस दिन भी धर्मशाला क्षेत्र मे सिलेंडर वितरित हो रहें हैं उससे एक दिन पहले अराजक तत्व पहले ही सिलेंडर की लाइन लगा दे रहे हैं जिससे लोग पैनिक हो रहें है कहा की जिनके घर दूर हैं वह लोग यहां पर आकर सिलेंडर लगा नहीं सकते हैं लेकिन सिलेंडर घर छोड़ने के 400 रुपया किराया लिया जा रहा है।



दीपेश ने प्रशासन से मांग की है इस मामले को लेकर कार्रवाई की जाएं जो लोग रात को ही सिलेंडरों की लाइन लगा रहें हैं उनके सिलेंडर सीज किया जाएं और उन लोगों पर कार्रवाई की जाएं जो 100 रूपये के किराये पर 4000 रूपये वसूल रहें है। दूसरी ओर मामले मेंपर्वत गैस सर्विस की मैनेजर अंकिता पांडे ने बताया की सिलेंडर बुकिंग के आधार पर ही वितरित किए जा रहें हैं बताया की शहर में सिर्फ एक ही जगह समस्या आ रही है यहा पर लोग पहले ही सिलेंडर की लाइन लगाना शुरू कर दे रहें हैं।

सहयोग करने के बजाय लोग यह कह रहें है की हम तो 4 दिन से लाइन मे लगे हैं जबकि सिलेंडर होम डिलीवरी कराई जा रही है। लाइन पर लगकर अनावश्यक प्रेसर किया जा रहा है। शहर मे जगह जगह सिलेंडर वितरित किए जा रहें है कही पर भी ऐसी समस्या नहीं आ रही है तल्लीताल धर्मशाला क्षेत्र को छोड़कर सिलेंडर आ रहें हैं और रोस्टर के हिसाब से बांटे जा रहें है।



# मेरा पौधा मेरा परिवार कार्यक्रम के तहत लोगों को जोड़ा पौधरोपण से

नैनीताल

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड क्रांति दल अधिकारी कर्मचारी प्रकोष्ठ के कुमाऊं मंडल अध्यक्ष व राज्य निर्माण सेनानी दिनेश गुरुरानी द्वारा राज्य में चलाया जा रहा अनूठा पौधारोपण अभियान आज 648वें दिन भी जारी रहा।

पौधारोपण अभियान के 648वें दिन पौधारोपण अभियान को विद्यालयों से जोड़ते हुए मेरा पौधा मेरा परिवार कार्यक्रम के तहत राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय सानदेव में छात्र-छात्राओं, गुरुजनों, अभिभावकों तथा ग्रामीणों को0 400 पौधों का वितरण किया गया। दिनेश गुरुरानी द्वारा हिमालय बचाओ अभियान के तहत शपथ दिलाई गई। सभी की ओर से इन पौधों को अपने घर के परिसर में रोपित किया जाएगा और वह इनका वृक्ष बनने तक संरक्षण करेंगे।

दिनेश गुरुरानी ने कहा कि पौधे उद्यान विभाग द्वारा दिए गए हैं। कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के प्रधानाचार्य रमेश सिंह द्वारा किया गया। इस अवसर पर राजेंद्र सिंह, डॉ. लोकेश डसीला,मंजुल कुमार सिंह, पुष्पा, कमलेश, दीपा नेगी तथा लक्ष्मण सिंह उपस्थित रहे। कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए क्रिकेट एसोसिएशन के सचिव सुनील शाह व गौरव पांडे उपस्थित रहे।

# आशा फाउंडेशन ने महिलाओं को स्वास्थ्य रक्षा के प्रतिकिया जागरुक

नैनीताल

हमारे संवाददाता

आशा फ उंडेशन द्वारा शुक्रवार को नैनीताल के पास नारायणनगर गांव में जागरूकता कार्यक्रम रखा गया। यह कार्यक्रम पालिका के क्षेत्रीय सभासद भगवत सिंह रावत और समाज सेविका रश्मि सारेला के आग्रह पर आयोजित किया गया।

इस मौके पर सभी गांव की महिलाओं को एकत्रित किया गया। उनका कहना था कि यहां पर आसपास के गांव में जागरूकता के अभाव से लोग अपनी बात कह नहीं पाते हैं और बड़ी बड़ी बीमारियों से ग्रस्त हो जाते हैं ।आज लगभग 100 महिलाओं को स्वास्थ्य के प्रति जागरूक करने के साथ स्तन कैंसर से बचाव और स्वयं परीक्षण करना बताया गया । बुजुर्ग महिलाओं को पिंक कलर का स्टाल पहनाकर सममानित किया। अध्यक्ष आशा शर्मा ने कहा कि स्तन कैंसर के लक्षणों को अगर हम सचेत रहते हैं तो काफी हद तक जान सकते हैं। आज महिलाओं और बालिकाओं को रियुसिएबैल पैड्स फ्री मे मुहैया कराए गए और बाजार से मिलने वाले पैड्स का पर्यावरण और स्वास्थ्य पर पडने वाले दुष्प्रभाव से भी अवगत करवाया गया। इस दौरान आशा शर्मा के साथ टीम से बच्ची सिंह नेगी, बीरू, भगवत सिंह, रश्मि सारेला, वैशाली आदि साथ में थे।



## NEWS / फटाफट

### तिब्बती समुदाय आज मनाएंगें 11वें पंचेन लामा का बर्थडे



नैनीताल । नैनीताल में तिब्बती समुदाय की ओर से 11वें पंचेन लामा (गेदुन येशी थ्रिनले फुंतसोक) का 37वॉ जन्म दिन शनिवार (आज) मनाया जाएगा। तिब्बती नेताओं के मुताबिक इस दौरान उनकी लंबी उम्र और अच्छे स्वास्थ्य के लिए बौद्ध मठ में एक सामूहिक प्रार्थना का आयोजन किया गया है। जन्मदिन का यह समारोह सुख निवास मल्लीताल स्थित आशी यांगकी मेमोरियल फुंतसोक देदेन हॉल में आयोजित किया जाएगा। बता दें 6 साल के गेदुन येशी थ्रिनले फुंतसोक को 14 मई 1995 को परम पावन 14वें दलाई लामा द्वारा 11वें पंचेन लामा के रूप में मान्यता प्रदान की गई थी। उन्हें मान्यता मिलने के ठीक तीन दिन बाद उन्हें और उनके माता.पिता को उनके पैतृक गांव से अगवा कर लिया गया था और आज भी उनके ठिकाने के बारे में कोई जानकारी उपलबध नहीं है। शनिवार (आज) की सामूहिक पूजा प्रातः9 बजे से सुख निवास स्थित बौद्ध मठ में होगी। इस अवसर पर तिबबती मार्केट पूर्ण रुप से बन्द रहेगी।

### कपिल नैनवाल को मिली अर्थशास्त्र में पीएचडी की उपाधि



नैनीताल । कुमाऊं विवि नैनीताल ने रामनगर निवासी कपिल नैनवाल को अर्थशास्त्र विषय में पीएचडी की उपाधि प्रदान की है। बता दें कपिल ने अपना शोध कार्य राजकीय महाविद्यालय रामगढ़ के सहायक प्राध्यापक डा.हरीश चंद्र जोशी के निर्देशन में पूरा किया। कपिल के शोध का विषय इमपैकट आफ स्किल डबलपमैंट एंड एजूकेशन आन जेंडर इनपावरमैंटए स्टैडी आफ नैनीताल डिस्ट्रीकट आफ उत्तराखंड था।

### उत्तराखण्ड राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा मुख्य परीक्षा 27 से

नैनीताल । नगर मजिस्ट्रेट हल्द्वानी ए.पी. वाजपेयी के मुताबिक उत्तराखण्ड लोक सेवा आयोग हरिद्वार द्वारा उत्तराखण्ड राज्य सिविल/प्रवर अधीनस्थ सेवा मुखय (लिखित प्रकृति)परीक्षा-2025 27 अप्रैल (सोमवार) से 30 अप्रैल (बीरवार) तक प्रतिदिन दो सत्रों में हल्द्वानी शहर में 2 परीक्षा केन्द्रों ( श्री गुरुतेग बहादुर पबलिक स्कूल सिविल लाईन्स भोटिया पड़ाव हल्द्वानी/खालसा नेशनल गर्ल्स इंटर कॉलेज भोटिया पड़ाव हल्द्वानी में आयोजित की जा रही है। बताया कि परीक्षा प्रारंभ होने से परीक्षा समाप्ति तक हल्द्वानी नगर क्षेत्रान्तर्गत के इन परीक्षा केन्द्रों में चारों तरफ 1000 मीटर की परीधि के अंतर्गत तत्काल प्रभाव से भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 लागू की गई है।

### नैनीताल में एलपीएस डे मनाया, बलू हाउस ने झटकी ट्राफी




नैनीताल । नैनीताल के प्रतिष्ठित लॉन्ग व्यू पबलिक स्कूल के प्रांगण में एलपीएस डे का विशेष आयोजन किया गया जिसमें विद्यालय के बच्चों द्वारा मार्च पास्ट का आयोजन किया गया। उसके पश्चात विभिन्न हाउस के चयनित विद्यार्थियों को पदक देकर सममानित किया गया। इस दौरान विद्यालय में विभिन्न खेलों का भी आयोजन किया गया जिसमें सभी हाउस के बच्चों द्वारा प्रतिभाग किया गया कार्यक्रम के अंत में विजयी छात्रों तथा उसने हाउस को एलपीएस डे ट्रॉफ ी से सममानित किया गया। एलपीएस डे ट्रॉफी 2026 का विजयी हाउस बलू रहा। कार्यक्रम के मुखय अतिथि ग्रुप कैप्टन श्री अच्युत कुमार रहे। कार्यक्रम में विद्यालय के प्रधानाचार्य भुवन चंद्र त्रिपाठी, उप प्रधानाचार्य श्रीमती कविता सनवाल विद्यालय की प्रबंधक श्रीमती सुनीता त्रिपाठी, संरक्षक प्रो0 एच0बी0 त्रिपाठी तथा सभी शिक्षक गण और कर्मचारी मौजूद रहे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
–संपादक

पूर्व प्रधान संपादकः
स्व. वेदप्रकाश गुप्ता
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
श्रीमती आदेश अग्रवाल द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल
प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558
समस्त विवाद हल्द्वानी
न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापकः स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# वीकेंड पर कैंची धाम,भवाली व भीमताल में ट्रैफिक प्लान लागू

**तैयारी**

● भारी वाहनों का डायवर्जन और शटल सेवा से होंगे दर्शन

नैनीताल

हमारे संवाददाता

वीकेंड पर बढ़ती पर्यटक भीड़ को देखते हुए प्रशासन ने कैंची धाम, भवाली और भीमताल क्षेत्र में विशेष यातायात व डायवर्जन प्लान लागू कर दिया है।

एसएसपी डॉ. मंजूनाथ टीसी की ओर से जारी प्लान के अनुसार शनिवार और रविवार को अल्मोड़ाध्रानीखेत की ओर से हल्द्वानी जाने वाले भारी वाहनों को क्वारब और खैरना से डायवर्ट कर रामगढ़दूमुक्तेश्वर मार्ग से भेजा जाएगा। वहीं हल्द्वानी से पहाड़ की ओर जाने वाले आवश्यक सेवा वाहनों को ही नियमित मार्ग से अनुमति होगीए अन्य भारी वाहनों को भवाली मस्जिद तिराहा या वैकल्पिक मार्गों पर रोका या मोड़ा जाएगा। पर्यटकों के लिए भी विशेष व्यवस्था की गई है। जो श्रद्धालु अपने निजी वाहनों से भीमताल होते हुए कैंची धाम जाना चाहते हैंए उनके वाहनों को भीमताल विकास भवन पार्किंग में खड़ा कराया जाएगा।

यहां से शटल सेवा के जरिए उन्हें मंदिर तक भेजा जाएगा। इसी तरह नैनीताल -गेठिया मार्ग से आने वाले पर्यटकों के वाहनों को भवाली सैनेटोरियम पार्किंग में पार्क कराकर शटल सेवा से दर्शन कराए जाएंगे। प्रशासन ने सभी पर्यटकों, स्थानीय लोगों और वाहन चालकों से अपील की है कि वीकेंड के दौरान इस ट्रैफिक प्लान का पालन करें ताकि जाम और असुविधा से बचा जा सके।

# पोएट्री आ टूल फॉर सोशल अवेकनिंग विषय पर बघेल ने दिया व्याख्यान

नैनीताल

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विवि के डीएसबी परिसर नैनीताल में समाजशास्त्र विभाग एवं विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय के संयुक तत्वावधान पोएट्री आ टूल फ ॉर सोशल अवेकनिंग विषय पर अतिथि के रुप में मौजूद अमिताभ सिंह बाघेल ने व्याखयान दिया।

इससे पूर्व कार्यक्रम के प्रारंभ में समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. ज्योति जोशी ने स्वागत उद्बोधन में विद्यार्थियों को प्रेरित किया कि समाजशास्त्र के अध्ययन के साथ कविता का पठन भी अनिवार्य है कयोंकि दो पंक्तियाँ वह कह देती हैं जो एक गहन शोध भी पूरी तरह नहीं कह पाता। कार्यक्रम का संचालन प्रो. प्रियंका नीरज रुवाली द्वारा किया गया ।कार्यक्रम के मुखय वक्ता आगाज पोएट्री मूवमेंट के संस्थापक तथा नैनीताल लिटरेचर फेस्टिवल जिंदल लिटरेचर फेस्टिवल और कौशला लिटरेचर फेस्टिवल के संस्थापक व आयोजक अमिताभ सिंह बघेल रहे।



श्री अमिताभ ने अपने व्याखयान में उर्दू एवं हिंदुस्तानी शायरी की उस परंपरा पर प्रकाश डाला जो सदैव सामाजिक जागृति का माध्यम रही है।

प्रो नीरजा टंडन (सेवानिवृत हिंदी विभाग) ने साहित्य को मन का भोजन बताते हुए अपने उद्बोधन में कहा कि साहित्य यथार्थ के साथ जो होना चाहिए भी दिखाता है। प्रभारी परिसर निदेशक प्रो. चंद्रकला रावत ने कहा कि कबीर से लेकर कुमाऊं में गुमानी पंत तक सभी रचनाकारों ने मानवता जगाने का काम किया है ।कार्यक्रम में विजिटिंग प्रोफेसर निदेशालय के निदेशक प्रो. ललित तिवारी ने कहा कि मानसिक उज्वलता का स्रोत कहा तथा मस्तिष्क का सुकून सबसे बड़ा आनंद है। कार्यक्रम में परिसर के कई गुरुजन समेत छात्र-छात्राएं मौजूद रही।

# अभिमत

## आतंक का जंजाल

*शिक्षित से लेकर कम पढ़े-लिखे लोगों को आतंकी संगठन गुमराह कर स्लीपर सेल तैयार कर रहा है। उत्तराखंड भी आतंकवादियों के निशाने पर है। एसटीएफ ने आतंकी साजिश का पर्दाफाश करते हुए देहरादून में वाहन धुलाई करने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। विक्रांत कश्यप नामक युवक पाकिस्तानी आतंकी और आईएसआई एजेंट शहजाद भट्टी के सीधे संपर्क में था और तहरीक-ए-तालिबान हिन्दुस्तान (टीटीएच) का जाल देहरादून में तैयार कर रहा था, उससे इटेलियन पिस्टल बरामद हुई। युवक ने देहरादून के केन्द्रीय, सैन्य, पुलिस और प्रशासनिक संस्थानों के वीडियो और लोकेशन आतंकी संगठन को भेजे हैं।*

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सत्ता संभालने के बाद आतंकवाद पर अंकुश लगाने को प्राथमिकता दी। जम्मू-कश्मीर को छोड़कर देश के अन्य हिस्से में आतंकवादी वारदात नहीं कर सके, लेकिन सक्रियता में कमी नहीं आई है। शिक्षित से लेकर कम पढ़े-लिखे लोगों को आतंकी संगठन गुमराह कर स्लीपर सेल तैयार कर रहा है। उत्तराखंड भी आतंकवादियों के निशाने पर है। एसटीएफ ने आतंकी साजिश का पर्दाफाश करते हुए देहरादून में वाहन धुलाई करने वाले युवक को गिरफ्तार किया है। विक्रांत कश्यप नामक युवक पाकिस्तानी आतंकी और आईएसआई एजेंट शहजाद भट्टी के सीधे संपर्क में था और तहरीक-ए-तालिबान हिन्दुस्तान (टीटीएच) का जाल देहरादून में तैयार कर रहा था, उससे इटेलियन पिस्टल बरामद हुई। युवक ने देहरादून के केन्द्रीय, सैन्य, पुलिस और प्रशासनिक संस्थानों के वीडियो और लोकेशन आतंकी संगठन को भेजे हैं। दिल्ली, मुम्बई आदि में भी वारदात करने की साजिश रची थी। उधर सितारगंज में अवैध हथियारों का जखीरा बरामद हुआ और आरोपी के जम्मू-कश्मीर के प्रतिबंधित आतंकी संगठन अलबदर के अंडर ग्राउंड वर्कर से लिंक सामने आये हैं। खुफिया एजेंसियों को प्रारंभिक जांच में पता चला कि हथियार तस्करों के बैंक खातों में जम्मू-कश्मीर से जुड़े संदिग्ध व्यक्ति के साथ लेन-देन हुआ है। अस्सी के दशक में पंजाब के बाद सबसे अधिक आतंकी घटनाएं उत्तराखंड के तराई क्षेत्र में हुई थीं। राजीव गांधी के साथ हरचंद सिंह लोंगोवाल द्वारा समझौता करने पर तराई में आतंकवाद पर नियंत्रण किया जा सका। वर्ष 1990 के बाद धीरे-धीरे उत्तराखंड का तराई आतंकवाद से मुक्त हो पाया। अब उत्तराखंड समेत पूरे देश में पुनः आतंकी वारदात को अंजाम देने की साजिश रची जा रही है। नब्बे के दशक में भी आतंकवादियों को स्लीपर सेल ने मदद की थी। खुफिया तंत्र ने आतंकवादियों को छिपाने वालों का पता लगाया और सुरक्षा बलों ने आतंकवादियों की मदद करने वालों पर शिकंजा कसा। वर्तमान में आतंकवादी संगठन उत्तराखंड में स्लीपर सेल तैयार नहीं कर पाये हैं, लेकिन कम पढ़े-लिखे युवकों को लालच देकर आतंकी वारदात का जरिया बना सकते हैं। केन्द्र सरकार के स्तर पर खुफिया तंत्र के सक्रिय होने से आतंकी संगठनों के नापाक इरादे कामयाब नहीं हो पा रहे हैं। उत्तराखंड समेत अन्य राज्यों के खुफिया तंत्र को केन्द्रीय एजेंसियों से सम्पर्क कर निरंतर सक्रिय रहने की जरूरत है। उत्तराखंड में स्थानीय स्तर का खुफिया तंत्र संसाधनों से सम्पन्न है।

# राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस पर भव्य आयोजन

## आत्मनिर्भर भारत राष्ट्रीय ग्रामय सशक्तिकरण पुरस्कार से विभूतियाँ सम्मानितःडॉ कंचन नेगी

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

पंचायती राज दिवस के अवसर पर उत्तराखंड हेरिटेज स्कूल ऑफ मीडिया एंड एडवांस्ड स्टडीज सैंगुइन वी केयर वेलफेयर सोसाइटी तथा उत्तराखंड हेरिटेज मीडिया के समन्वय से राष्ट्रीय पंचायती राज दिवस 2026 का भव्य एवं गरिमामय आयोजन किया गया। इस अवसर पर आत्मनिर्भर भारत राष्ट्रीय ग्रामय सशक्तिकरण पुरस्कार 2026 का भी आयोजन किया गयाए जिसमें समाज के विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय योगदान देने वाले व्यक्तित्वों को सम्मानित किया गया।



कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कैबिनेट मंत्री सुबोध उनियाल रहे, कार्यक्रम की शुरुआत संस्थान की फाउंडर एवं डायरेक्टर डॉ. कंचन नेगी द्वारा मुखय अतिथि के स्वागत के साथ हुई। इसके पश्चात देशभर से आए ग्राम प्रधानों, समाजसेवकों एवं शिक्षकों को उनके उत्कृष्ट कार्यों के लिए सममानित किया गया। सम्मानित होने वाले प्रमुख व्यक्तित्वों में जमम् कश्मीर से पूर्व जिला पंचायत अध्यक्ष सफीना बेग, डॉ. स्वाति नेगी (सर्वश्रेष्ठ शिक्षक प्रबंधन), दीपिका चौहान (बेस्ट प्रधान), संगीता देवी (आउटस्टैंडिंग सरपंच), सुधीर रतौड़ी (सर्वश्रेष्ठ ग्राम प्रधान), इमरान खान (सर्वश्रेष्ठ मास्टर ट्रेनर) तथा अनमोल भट्ट (स्वच्छ भारत मिशन हेतु समाजसेवक) शामिल रहे। कार्यक्रम में यूनिवर्सल अकैडमी और हिमालयन पबलिक स्कूल के छात्र.छात्राओं की सक्रिय भागीदारी भी रही, विशेष रूप से वे विद्यार्थी जिनके पाठ्यक्रम में पंचायती राज व्यवस्था समिलित है। इस कार्यशाला ने उन्हें जमीनी स्तर पर कार्य कर रहे जनप्रतिनिधियों एवं समाजसेवकों से सीधे संवाद का अवसर प्रदान किया। मुख्य अतिथि ने अपने संबोधन में कहा कि पंचायती राज हमारे देश की सबसे पुरानी एवं सशक्त व्यवस्था है जिसे और अधिक मजबूत बनाने के लिए पंचायतों तथा समाज के विभिन्न अंगों के बीच समन्वय आवश्यक है वहीं डॉ. कंचन नेगी ने अपने उद्बोधन में कहा कि इस कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को पंचायती राज प्रणाली से परिचित कराना और उन्हें जमीनी नेतृत्व से जोडना हैए ताकि लोकतंत्र की यह आधारभूत संरचना और अधिक सुदृढ़ हो सके। कार्यक्रम में डॉ. के. एस. नेगी, सुशीला नेगी, बिरेन्द्र सिंह, आंचल बिष्ट, नीरू सिंह एवं अंकिता नेगी सहित अनेक गणमान्य अतिथि उपस्थित रहे।

## पद्म पुरस्कार 2027 हेतु नामांकन 31 जुलाई तक आमंत्रितःडीएम

**नैनीताल ।** भारत सरकार द्वारा प्रदत्त पद्म पुरस्कार (पद्म विभूषण/ पद्म भूषण एवं पद्म श्री)देश के सर्वोच्च नागरिक सममानों में शामिल है। वर्ष 1954 में स्थापित ये पुरस्कार प्रतिवर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर घोषित किए जाते हैं। इन पुरस्कारों का उद्देश्य कला, साहित्य एवं शिक्षा, खेल, चिकित्सा, समाज सेवा, विज्ञान एवं इंजीनियरिंग, जनसंपर्क, सिविल सेवा, व्यापार एवं उद्योग आदि विविध क्षेत्रों में विशिष्ट एवं असाधारण योगदान देने वाले व्यक्तियों को सममानित करना है। इन पुरस्कारों के लिए जाति, व्यवसाय तथा पद अथवा लिंग के आधार पर कोई भेदभाव नहीं किया जाता है। जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल ने नैनीताल जिले के इच्छुक व्यक्तियों अथवा संस्थाओं से अपील की है कि वह अपने नामांकन /सिफारिशें राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल एचटीटीपीएस/एडबलूएआरडीएस डाट जीओवी डाट इन के माध्यम से ऑनलाइन प्रस्तुत कर सकते हैं।

# हाईकोर्ट ने अनुदेशकों के 370 पदों पर चल रही भर्ती प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने से इनकार

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड हाईकोर्ट ने राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों (आई टी आई) में अनुदेशकों के 370 पदों पर चल रही भर्ती प्रक्रिया में हस्तक्षेप करने से इनकार कर दिया है। न्यायमूर्ति रवींद्र मैथानी की एकल पीठ ने इस संबंध में दायर की गई कई रिट याचिकाओं को खारिज करते हुए स्पष्ट किया कि भर्ती के लिए राष्ट्रीय शिल्प अनुदेशक प्रमाणपत्र (एन सी आई सी/सीआईटी एस) एक अनिवार्य योग्यता बनी रहेगी।

अदालत ने अपने निर्णय में जोर देकर कहा कि भर्ती प्रक्रिया उत्तराखंड राजकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थान (अनुदेशक) सेवा नियमावली, 2003 के अनुसार संचालित हो रही है। इन नियमों में वर्ष 2022 में संशोधन कर अनुदेशकों के लिए एन सी आई सी प्रमाणपत्र को अनिवार्य शैक्षिक योग्यता घोषित किया गया था। याचिकाकर्ताओं का तर्क था कि भारत सरकार के प्रशिक्षण महानिदेशालय ने जून 2023 के एक कार्यालय ज्ञापन के जरिए इस योग्यता में ढील दी थी। हालांकि, अदालत ने स्पष्ट किया कि जब तक राज्य सरकार अपनी सेवा नियमावली में औपचारिक संशोधन नहीं करती, तब तक केंद्र के निर्देश स्वत: लागू नहीं माने जा सकते।

हाईकोर्ट ने विभिन्न कानूनी उदाहरणों का हवाला देते हुए कहा कि भर्ती के विज्ञापन जारी होने के बाद योग्यता के मानदंडों में बदलाव करना उचित नहीं है। चूंकि विज्ञापन 16 फरवरी 2024 को जारी किया गया था, इसलिए उस समय प्रभावी सेवा नियमों का पालन करना अनिवार्य है । उत्तराखंड अधीनस्थ सेवा चयन आयोग ने अदालत में अपना पक्ष रखते हुए कहा कि वे सेवा नियमों के विरुद्ध कोई भी विज्ञापन जारी नहीं कर सकते। आयोग ने तर्क दिया कि विज्ञापन के समय जो नियम अस्तित्व में थे, उन्हीं के आधार पर चयन प्रक्रिया को आगे बढ़ाया जा रहा है। सुनवाई के दौरान यह तथ्य भी सामने आया कि उत्तराखंड में अनुदेशकों के कुल 1386 स्वीकृत पदों में से केवल 373 पदों पर ही नियमित अनुदेशक कार्य कर रहे हैं। भारी कमी को देखते हुए राज्य सरकार ने आयोग को वर्तमान प्रक्रिया को बिना किसी ढील के जारी रखने का निर्देश दिया था। अदालत ने उन उम्मीदवारों के हस्तक्षेप आवेदनों को भी खारिज कर दिया जो अनंतिम मेरिट सूची में शामिल थे। कोर्ट का मानना था कि केवल चयन सूची में नाम आने से नियुक्ति का कोई अटूट अधिकार प्राप्त नहीं हो जाता याचिकाकर्ता, जिनके पास विज्ञापन की अंतिम तिथि तक एन सी आई सी प्रमाणपत्र नहीं था, उन्होंने भर्ती में शामिल होने की अनुमति मांगी थी। हालांकि अदालत ने राहत नहीं दी, लेकिन राज्य सरकार ने संकेत दिया है कि भविष्य की रिक्तियों के लिए नियमों में आवश्यक बदलाव किए जा सकते हैं। इस फैसले के साथ ही अब राज्य में अनुदेशक भर्ती का रास्ता साफ हो गया है। अदालत ने अंत में यह निष्कर्ष निकाला कि अनुच्छेद 309 के तहत बनाई गई वैधानिक नियमावली किसी भी प्रशासनिक आदेश या कार्यकारी निर्देश से ऊपर है।

# फिल्मी दुनिया

## पहले दिन पस्त हुई गिन्नी वेड्स सनी 2, सिनेमाघर रहे खाली



*गिन्नी वेड्स सनी 2 आज 24 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हो चुकी है। फिल्म में मेधा शंकर और अविनाश तिवारी ने मुख्य भूमिका निभाई है। प्रशांत झा द्वारा लिखित और निर्देशित रोमांटिक-कॉमेडी ड्रामा फिल्म गिन्नी वेड्स सनी 2 की रिलीज का आज पहला दिन है। अविनाश तिवारी और मेधा शंकर की इस फिल्म की रिलीज के पहले दिन ठंडी प्रतिक्रिया मिली है। टिकट विंडो पर मुश्किलों का सामना करना पड़ा, क्योंकि पहले दिन फिल्म का कलेक्शन काफी निराशाजनक रहा है।*

*गिन्नी वेड्स सनी के सीक्वल गिन्नी वेड्स सनी 2 ने आज पहले दिन बॉक्स ऑफिस पर सिर्फ 30 लाख रुपये का कलेक्शन किया है। दुनिया भर में गिन्नी वेड्स सनी 2 ने 36 लाख रुपये की कमाई की है। लगता है धुरंधर 2 के आगे दर्शकों को न ही भूत बंगला पसंद आ रही है और न ही गिन्नी वेड्स सनी 2।*

*गिन्नी वेड्स सनी 2 में अविनाश तिवारी और मेधा शंकर ने मुख्य भूमिका निभाई है। इन दोनों के अलावा फिल्म में लिलेट दुबे, सुधीर पांडे, गोविंद नामदेव, गोपी भल्ला, रोहित चौधरी, नयनी दीक्षित और विश्वनाथ चटर्जी जैसे कलाकारों ने भी अहम भूमिका निभाई है। गिन्नी वेड्स सनी 2 फिल्म 2020 में आई गिन्नी वेड्स सनी का सीक्वल है।*

### धुरंधर 2 का कलेक्शन

*37वें दिन धुरंधर 2 ने आज 24 अप्रैल शुक्रवार को 37वें दिन अब तक 1.37 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है।*

### भूत बंगला का कलेक्शन

*प्रियदर्शन और अक्षय कुमार की हॉरर कॉमेडी फिल्म भूत बंगला 17 अप्रैल को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। आज 8वें दिन इस फिल्म ने अब तक 5.75 करोड़ रुपये का कलेक्शन कर लिया है।*

# श्री केदारनाथ यात्रा मार्ग पर एसडीआरएफ का स्वास्थ्य जांच एवं जागरूकता अभियान

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

सेनानायक एसडीआरएफ श्री अर्पण यदुवंशी के दिशानिर्देशों में संचालित इस पहल के अंतर्गत श्री केदारनाथ धाम यात्रा मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुरक्षा एवं स्वास्थ्य संरक्षण के दृष्टिगत लिनचोली क्षेत्र में बुनियादी स्वास्थ्य जांच एवं जन.जागरूकता अभियान संचालित किया जा रहा है।

अभियान के अंतर्गत एसडीआरएफ के प्रशिक्षित पैरामेडिस द्वारा यात्रा मार्ग से आवागमन कर रहे श्रद्धालुओं का निःशुल्क प्राथमिक स्वास्थ्य परीक्षण किया जा रहा है जिसमें रक्तचाप, शुगर स्तर एवं आकसीजन स्तर जैसे महत्वपूर्ण स्वास्थ्य परीक्षण समिलित हैं।

इसके साथ ही उच्च हिमालयी क्षेत्रों में सामान्यत- उत्पन्न होने वाली स्वास्थ्य समस्याओं जैसे आकसीजन की कमी, अत्यधिक थकान, रक्तचाप में उतार.चढ़ाव एवं चक्कर आनाकृके संबंध में यात्रियों को आवश्यक जागरूकता प्रदान की जा रही है।



श्रद्धालुओं को यह भी अवगत कराया जा रहा है कि यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की अस्वस्थता अथवा अन्य आपात स्थिति की अवस्था में वे तत्काल निकटवर्ती स्वास्थ्य केंद्र अथवा चिकित्सा राहत पोस्ट से संपर्क करें।

साथ ही एसडीआरएफ द्वारा उपलबध त्वरित अन्य आपात सहायता सुविधाओं की जानकारी भी साझा की जा रही है जिससे आवश्यकता पडने पर शीघ्र सहायता सुनिश्चित की जा सके।

News कॉर्नर

### नैनीताल से युवक लापता

**नैनीताल ।** नैनीताल के समीपवर्ती पंगोट लदबांसी क्षेत्र का एक युवक रहस्यमय तरीके से लापता हो गया है। युवक को आखिरी बार रोडवेज स्टेशन तल्लीताल में देखा गया था जिसके बाद से उसका कोई सुराग नहीं लग पाया है। प्राप्त जानकारी के अनुसार पंगोट लदबांसी निवासी दीपक नैनीताल में मजदूरी का कार्य करता है। बुधवार को वह अपने तीन साथियों के साथ तल्लीताल क्षेत्र में घूम रहा था।

इसी दौरान जब उसके साथी सामान लेने में व्यस्त थे तो दीपक अचानक वहां से गायब हो गया। काफी तलाश के बावजूद उसका कोई पता नहीं चल सका। बीरवार को दोस्तों और परिजनों ने पुलिस को सूचना दी जिसके बाद पुलिस ने युवक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस आसपास के क्षेत्रों में खोजबीन के साथ.साथ सीसीटीवी कैमरों की फुटेज भी खंगाल रही है। थानाध्यक्ष मनोज नयाल ने बताया कि युवक की तलाश जारी है और सभी संभावित स्थानों पर जांच की जा रही है लेकिन फिलहाल उसका कोई सुराग नहीं मिल पाया है।

### नहीं चली रोडवेज की पांच सेवाएं, यात्री परेशान

**अल्मोड़ा।** चालकों की कमी से रोडवेज की पांच सेवाएं दूसरे दिन भी स्थगित रही। इससे यात्रियों को गंतव्य को जाने के लिए परेशानी झेलनी पड़ी।

शुक्रवार को उत्तराखंड परिवहन निगम के अल्मोड़ा डिपो की अल्मोड़ा-लमगड़ा-दिल्ली, सुबह की अल्मोड़ा-देहरादून, टनकपुर सेवाओं का संचालन नहीं हो सका। इसके अलावा बेतालघाट-दिल्ली, सायंकालीन पांच बजे की देहरादून सेवा पहले से ही स्थगित है। बसों का नियमित संचालन न होने से यात्रियों को दिक्कतें हुई। यात्री गतव्य को जाने के लिए वाहनों की तलाश में भटकते रहे। तेज धूप में स्टेशनों के चक्कर लगाने पर उन्हें दिक्कतें हुई। यात्रियों का कहना है कि बसों का संचालन शीघ्र शुरू किया जाए।

# एनयूजे आई की रामगढ़ में हुई बैठक,व्यापक संशोधन की प्रक्रिया शुरू

नैनीताल
हमारे संवाददाता

देश के पत्रकारों के सबसे बड़े संगठन एनयूजे(आई) यानी नेशनल यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स (इंडिया) ने आसन्न चुनाव की ओर बढ़ते हुए लंबे समय से पुराने संविधान के कारण संगठन के समक्ष आ रही व्यावहारिक दिक्कतों को देखते हुए व्यापक संशोधन की प्रक्रिया भी शुरू कर दी है।



बता दें नैनीताल जनपद के रामगढ़ स्थित एक रिसॉर्ट में आयोजित राष्ट्रीय पदाधिकारियों और चुनाव आयोग के सदस्यों की बैठक में विचार.विमर्श के बाद संविधान संशोधन कमेटी गठित करने का निर्णय लिया गया।कमेटी का संयोजक उत्तर प्रदेश इकाई के अध्यक्ष सुरेंद्र दुबे को बनाया गया है जबकि समिति में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष रास बिहारी, राष्ट्रीय महामंत्री प्रदीप तिवारी, राष्ट्रीय कोषाध्यक्ष अरविंद सिंह, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष कमलकांत उपमन्यु, राकेश शर्मा, सीमा किरण, उत्तराखंड के प्रदेश उपाध्यक्ष राम चंद्र कनौजिया और राजीव नैनम को सदस्य नामित किया गया है। यह समिति एनयूजे (आई) कोटा राशि में वृद्धि तथा जोन व्यवस्था को समाप्त करने, किसी राज्य से सचिव व उपाध्यक्ष दो बार ही बनने एवं उन्हें उनके राज्य का ही प्रभारी बनाने की व्यवस्था में बदलाव, केंद्र के साथ राज्य इकाइयों में एक व्यक्ति एक पद की व्यवस्था बनाने तथा डेलीगेट व यूनियन काउंसिल मेंबर क्रमश: 40 व 80 सदस्यों पर बनाने की व्यवस्था में बदलावए केंद्र की तर्ज पर राज्य इकाइयों में भी अध्यक्ष व महासचिव दो से अधिक बार न बनाने की व्यवस्थाओं पर विचार-विमर्श कर कोई बदलाव सुझा सकती है। यह भी तय हुआ कि आगामी जुलाई माह में केंद्रीय संगठन के चुनाव की तिथि तय कर ली जाएगी। संगठन से जुड़े चल रहे न्यायिक प्रकरणों को ध्यान में रखते हुए यह प्रस्ताव भी आया कि राष्ट्रीय परिषद के चुनाव से पहले नियमों में बदलाव कर अंतिम निर्णय के लिए संविधान संशोधन कमेटी को भेज दिया गया है। यह भी तय हुआ कि कमेटी की पहली बैठक 4 और 5 मई को मथुरा (उत्तर प्रदेश) में आयोजित होगी जिसमें संशोधन के प्रारूप पर विस्तृत चर्चा की जाएगी। जिन राज्यों में चुनाव नहीं हुए हैं उनमें चुनाव अधिकारी नियुक्त कर चुनाव कराने पर भी बात हुई। इससे पूर्व एनयूजेआई उत्तराखंड के प्रदेश महासचिव डॉ. नवीन जोशी, उपाध्यक्ष डॉ. गिरीश रंजन तिवारी, नैनीताल जिलाध्यक्ष अफजल हुसैन फौजी, उपाध्यक्ष तेज सिंह नेगी, नैनीताल नगर अध्यक्ष गौरव जोशी तथा महामंत्री अजमल हुसैन व प्रदीप कुमार आदि ने राष्ट्रीय पदाधिकारियों और चुनाव आयोग के सदस्यों का उत्तराखंड के राज्य वृक्ष बुरांश के फूलों के गुलदस्तों से स्वागत व अभिनंदन किया। बैठक में समिति में चुने गये पदाधिकारियों के साथ ही चुनाव आयोग के सदस्य अशोक किंकर, दधिबल यादव व संजय तलवार, राष्ट्रीय सचिव कैलाश जोशी, राकेश थपलियाल, प्रमोद कुमार सिंह, मुकेश वत्स, अमलेश राजू, देवकृष्ण कोठारी, उत्तराखंड के प्रदेश अध्यक्ष सुनील पांडे, कोषाध्यक्ष राहुल वर्मा, कुमाऊं प्रभारी दिनेश जोशी, गढ़वाल प्रभारी धर्मेंद्र चौधरी समेत सचिव बाल कृष्ण शास्त्री, मनोज लोहनी, मनोज पांडे तथा हरिद्वार जिलाध्यक्ष आदेश त्यागी आदि संगठन के लोग उपस्थित थे।

# वन विभाग एक्शन मोड में, ट्रैप कैमरों के साथ ड्रोन तकनीक का भी सहारा

नैनीताल
हमारे संवाददाता

जिले के भीमताल विकास खंड के तहत ज्योली क्षेत्र में वन्य जीव (बाघ/तेंदुए) के हमले में महिला की मौत के बाद वन विभाग पूरी तरह एकशन मोड में आ गया है। संदिग्ध वन्यजीव की तलाश और ग्रामीणों की सुरक्षा के लिए बड़े स्तर पर घेराबंदी की जा रही है। अब सर्च ऑपरेशन को और तेज करते हुए ट्रैप कैमरों के साथ ड्रोन तकनीक का भी सहारा लिया जा रहा है।

डीएफओ आकाश गंगवार ने बताया कि घटना के तुरंत बाद एक पिंजरा और चार ट्रैप कैमरे लगाए गए थे लेकिन रातभर कोई गतिविधि दर्ज नहीं हुई। इसके बाद रणनीति को मजबूत करते हुए पिंजरों की संखया बढ़ाकर चार और ट्रैप कैमरों की संखया 50 कर दी गई है। उन्होंने बताया कि संवेदनशील रीवर वैली क्षेत्र में मचान तैयार कर वन कर्मियों को निगरानी में लगाया गया है। साथ ही बाघ को काबू में करने के लिए विशेषज्ञ डाकटरों की टीम भी तैनात है जो जरूरत पड़ने पर ट्रेंकुलाइज (बेहोश) करने की कार्रवाई करेगी। बार बार तेंदुए की आवाजाही की सूचना भी मिल रही है। इधर ज्योली क्षेत्र में सर्च ऑपरेशन को और प्रभावी बनाने के लिए शक्रवार को दो ड्रोन भी लगाए गए हैं। ड्रोन के जरिए दुर्गम और घने इलाकों में वन्यजीव की गतिविधियों पर नजर रखी जा रही है।वन विभाग ने मनोरा, बड़ोन, नैना और भवाली रेंज से करीब 50 वन कर्मियों को तैनात किया है। डीएफओ गंगवार ने कहा कि विभाग पूरी रणनीति के साथ काम कर रहा है। फोकस न केवल वन्यजीव को पकडने पर हैए बल्कि ग्रामीणों में फैले भय को कम करना और क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत करना भी प्राथमिकता में शामिल है। बताया कि फिलहाल अब तक ट्रैप कैमरों में भी किसी वन्यजीव की गतिविधि कैद नहीं हुई है।

### चेतावनीः जंगल में प्रवेश पर रोक

**नैनीताल ।** जिले में बढ़ते वन्यजीव हमलों के खतरे को देखते हुए वन विभाग ने क्षेत्रवासियों के लिए सख्त चेतावनी जारी की है। विभाग की ओर से जारी सूचना में स्पष्ट कहा गया है कि सभी की सुरक्षा के मद्देनजर वन क्षेत्रों में प्रवेश पूरी तरह प्रतिबंधित कर दिया गया है। नैनीताल वन प्रभाग के प्रभागीय वनाधिकारी आकाश गंगवार की ओर से जारी इस चेतावनी में लोगों से अपील की गई है कि वे अनावश्यक रूप से जंगलों या सुनसान स्थानों की ओर न जाएं। हाल के दिनों में वन्यजीवों की बढ़ती गतिविधियों को देखते हुए यह कदम उठाया गया है ताकि किसी भी अप्रिय घटना से बचा जा सके। वन विभाग ने नागरिकों से सहयोग की अपील करते हुए कहा है कि नियमों का पालन करना सभी की सुरक्षा के लिए जरूरी है। यदि कोई व्यक्ति प्रतिबंध के बावजूद जंगल में जाता है तो वह खुद जिममेदार होगा। इस चेतावनी के बाद क्षेत्र में वन्यजीवों की मौजूदगी को लेकर लोगों में सतर्कता बढ़ गई है।

# हल्द्वानी क्रिकेटर्स क्लब ने जीता अंडर -16 का उद्घाटन मुकाबला

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

नैनीताल क्रिकेट एसोसिएशन के तत्वाधान में कराई जा रही अंडर-16 बालक वर्ग की जिला क्रिकेट लीग का आज उद्घाटन मुकाबला जी एन जी क्रिकेट एरैना में कुमाऊँ क्रिकेट अकादमी और एच सी सी के बीच खेला गया। एच सी सी की टीम ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया लेकिन पूरी टीम 44वें ओवर में 183 रन बनाकर आल आउट हो गयी । टीम के लिए देवांश 68 , दक्ष 27 और तुषार 19 रनों का योगदान कर सके । कुमाऊँ क्रिकेट अकादमी के गेंदबाज अक्षत पांडे ने 4, आदर्श कुमार ने 3 और अमन ने 2 विकेट लिए। निर्धारित लक्ष्य का पीछा करने उतरी कुमाऊँ क्रिकेट अकादमी की पूरी टीम 45वें ओवर में 149 रन बनाकर आल आउट हो गयी और एच सी सी ने 34 रनों से मैच जीत लिया। टीम के लिए कप्तान आदर्श कुमार 31, अक्षत पांडे 30, गौरव 29 और अभय पाठक 27 रनों का योगदान कर सके एच सी सी के गेंदबाज हार्दिक पंत ने 4, अंकुश शर्मा ने 3, और विनय जोशी ने 2 विकेट लिए। मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार शानदार गेंदबाजी के लिए एच सी सी के गेंदबाज अंकुश शर्मा को दिया गया। उद्घाटन मुकाबले के मुख्य अतिथि कॉंग्रेस नेता पार्षद मुकुल बल्यूटिया ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर मैच का शुभारंभ किया।



# बिना लाइसेंस शराब परोसते व्यक्ति गिरफ्तार, अवैध सामग्री बरामद

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

शांति व्यवस्था बनाए रखने एवं अवैध गतिविधियों पर रोकथाम के तहत चलाए जा रहे अभियान में काठगोदाम पुलिस को बड़ी सफलता हाथ लगी। चेकिंग के दौरान पुलिस टीम ने एक व्यक्ति को बिना लाइसेंस शराब परोसते हुए गिरफ्तार किया, साथ ही मौके से अवैध शराब व अन्य सामग्री भी बरामद की गई।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, एस आई अरुण सिंह राणा पुलिस टीम के साथ क्षेत्र दमुवाढूंगा में संदिग्ध व्यक्तियों एवं अवैध मादक पदार्थों की चेकिंग कर रहे थे। इसी दौरान हरदा चौराहा तल्ला प्लाट होते हुए बेड़ीखत्ता की ओर जाते समय मीत्रपुरम चौराहे के पास एक दुकान में संदिग्ध गतिविधि देखी गई। दुकान के अंदर प्रवेश करने पर पुलिस ने पाया कि एक व्यक्ति दो लोगों को गिलास में शराब परोस रहा था। पुलिस को देखते ही दोनों ग्राहक मौके से फरार हो गए, जबकि शराब परोस रहे व्यक्ति को मौके पर ही पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपी ने अपना नाम चन्दन कश्यप पुत्र छोटे लाल, निवासी कुमाऊं कॉलोनी, जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा बताया। तलाशी के दौरान दुकान से टैट्रा पाउच बरामद हुए। पुलिस के अनुसार, आरोपी न्यायालय में पेश किया।

# सट्टा खाईबाड़ी करते एक गिरफ्तार

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

थाना बनभूलपुरा पुलिस ने गश्त के दौरान एक व्यक्ति को सार्वजनिक स्थान पर सट्टा खाईबाड़ी करते हुए गिरफ्तार किया है। आरोपी के पास से नगदी, सट्टा पर्ची, बरामद किया गया।

गश्त के दौरान पुलिस टीम इंद्रानगर क्षेत्र से होते हुए हिमालया स्कूल के सामने हाईवे स्थित यात्री विश्राम गृह के पास पहुंची, जहां कुछ लोग संदिग्ध अवस्था में खड़े दिखाई दिए। पुलिस को देखकर भीड़ मौके से भागने लगी, लेकिन तत्परता दिखाते हुए पुलिस ने एक व्यक्ति को पकड़ लिया। पूछताछ में उसने अपना नाम इरफान निवासी इंद्रानगर, मोहम्मदी चौक, बताया। आरोपी ने स्वीकार किया कि वह वहां बैठकर सट्टा खाईबाड़ी कर रहा था, जिसके कारण भीड़ एकत्रित थी। पुलिस ने आरोपी के कब्जे से 1180 रुपये नगदी सहित सट्टा पर्ची, बरामद की है, पुलिस का कहना है कि क्षेत्र में अवैध गतिविधियों के विरुद्ध अभियान लगातार जारी रहेगा।

### सिडकुल कर्मी की संदिग्ध हालात में मौत

**दिनेशपुर।** संदिग्ध हालात में एक युवक की मौत हो गई। पुलिस ने शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। परिजनों ने युवक की हत्या की आशंका जताई है।

परिजनों के अनुसार गांव अमृतनगर नंबर एक निवासी सुजय हीरा (32) बृहस्पतिवार रात खाना खाकर घर से निकला था। रात को घर नही लौटा। सुबह घर से 100 मीटर दूर सुनसान जगह पर स्थित कमरे में उसका शव मिला।

# व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का फायर सेफ्टी निरीक्षण

नैनीताल
हमारे संवाददाता

नगर में अग्नि सुरक्षा व्यवस्थाओं को मजबूत करने के लिए अग्निशमन विभाग ने व्यावसायिक प्रतिष्ठानों का निरीक्षण अभियान चलाया। उच्चाधिकारियों के निर्देश पर अग्निशमन अधिकारी देवेंद्र सिंह नेगी के नेतृत्व में यह कार्रवाई की गई।

अभियान के तहत विभिन्न दुकानों और प्रतिष्ठानों में फ ायर सेफ्टी उपकरणों की जांच की गई। इस दौरान मौजूद स्टाफ को फ ायर एसटिंग्यूशर के सही उपयोग का प्रशिक्षण भी दिया गया ताकि आग लगने की स्थिति में तुरंत प्रभावी कार्रवाई की जा सके। निरीक्षण के दौरान जहां.जहां अग्नि सुरक्षा में कमियां पाई गई वहां संबंधित संचालकों को उन्हें जल्द दुरुस्त करने के निर्देश दिए गए साथ ही अग्निशमन विभाग ने स्पष्ट किया कि लापरवाही बरतने वालों के खिलाफ कार्रवाई भी की जा सकती है।



# गौलापार अंतरराष्ट्रीय स्टेडियम में 23वीं प्रादेशिक पुलिस हॉकी प्रतियोगिता का शुभारंभ

हल्द्वानी
हमारे संवाददाता

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नैनीताल डॉ0 मंजूनाथ टीसी के कुशल नेतृत्व में जनपद नैनीताल के मानसभंडार खेल परिसर स्थित अंतराष्ट्रीय स्टेडियम, गौलापार में 23वीं प्रादेशिक जनपद/वाहिनी पुलिस हॉकी प्रतियोगिता-2026 (पुरुष एवं महिला) का भव्य शुभारंभ किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन जिलाधिकारी ललित मोहन रयाल द्वारा किया गया। इस अवसर पर पुलिस विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे, जिनमें पुलिस अधीक्षक अपराध/यातायात डॉ0 जगदीश चंद्र, एसपी मनोज कुमार कत्याल, एसपी संचार रेवाधर मटपाल, क्षेत्राधिकारी अमित कुमार सैनी, क्षेत्राधिकारी रामनगर सुमित पाण्डेय सहित अन्य अधिकारी शामिल रहे। उद्घाटन समारोह में टीमों का शानदार मार्च पास्ट, मुख्य अतिथि को सलामी एवं टीम मैनेजरों द्वारा परिचय प्रस्तुत किया गया। इसके बाद मुख्य अतिथि ने प्रतियोगिता के शुभारंभ की औपचारिक घोषणा की। गत वर्ष के चैंपियन एवं नैनीताल टीम के कप्तान ने सभी खिलाड़ियों को खेल भावना और अनुशासन की शपथ दिलाई।



**9 टीमों के बीच रोमांचक मुकाबले:** इस प्रतियोगिता में कुल 9 टीमों ने भाग लिया है, जिनमें अल्मोड़ा, पिथौरागढ़, ऊधमसिंह नगर, 31वीं, 40वीं और 46वीं वाहिनी पीएसी, आईआरबी प्रथम, आईआरबी द्वितीय एवं मेजबान नैनीताल शामिल हैं।

**पहला मैच:** नैनीताल बनाम 46वीं वाहिनी पीएसी46वीं वाहिनी पीएसी ने 7-0 से जीत दर्ज की

**दूसरा मैच:** 40वीं वाहिनी पीएसी बनाम आईआरबी प्रथम आईआरबी प्रथम ने 4-1 से जीत हासिल की

**तीसरा मैच:** 31वीं वाहिनी पीएसी बनाम पिथौरागढ़ 31वीं वाहिनी पीएसी 6-1 से विजयी रही

**चौथा मैच:** अल्मोड़ा बनाम ऊधमसिंह नगर ऊधमसिंह नगर ने 4-1 से जीत दर्ज की

**26 अप्रैल को होगा समापन:** यह प्रतियोगिता 24 अप्रैल से 26 अप्रैल तक आयोजित की जा रही है, जिसका समापन समारोह 26 अप्रैल को सायं 5 बजे होगा। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य पुलिस बल में खेल भावना, टीम वर्क और शारीरिक दक्षता को बढ़ावा देना है। प्रतियोगिता के सफल आयोजन में पुलिस विभाग के अधिकारियों और कर्मचारियों की सराहनीय भूमिका रही।